हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 जुलाई 2024

04 यात्री परेशानः नए बस स्टैंड का होना है निर्माण...



07 दर-दर भटकता गोवंश : पंजीकृत गोशाला और...





## खबर संक्षेप

### 31 अगस्त तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**सीहोर।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए तथा सावन महीने के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ चलते पश्चिम रेलवे ने उज्जैन से भोपाल के लिए स्पेशल पैसेंजर ट्रेन चलाई है। यह ट्रेन 31 अगस्त तक चलेगी। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि उज्जैन से भोपाल के लिए गाड़ी संख्या 09313 उज्जैन-भोपाल-उज्जै न स्पेशल पैसेंजर ट्रेन 31 अगस्त तक प्रतिदिन उज्जैन से रात 9 बजे चलकर सीहोर 23.36 बजे आकर रात 1.10 बजे भोपाल पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09314 भोपाल-उज्जैन पैसेंजर 12 जुलाई से 1 सितम्बर तक हर दिन भोपाल से रात 2.10 बजे चलकर रात 3.42 बजे सीहोर आकर सुबह 7.20 बजे उज्जैन पहुंचेगी। दोनों ही ओर से यह ट्रेन तराना रोड, मक्सी, कालीसिंध, अकोदिया, शुजालपुर, कालापीपल, सीहोर, संत हिरदाराम नगर रुकेगी।

### सीबीएसई ने निकाली भर्ती

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मीडिया रिलेशंस, विजिलेंस, एकेडमिक्स, स्किल एजुकेशन और अन्य पदों सहित कुल 29 डेपुटेशन आधारित पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे है। चयनित उम्मीदवार तीन साल के कार्यकाल के लिए दिल्ली सहित सीबीएसई के ऑफिसों में नियुक्त किए जाएंगे। सेलेक्टेड कैंडिडेट्स का टेन्योर उनके प्रदर्शन और नियमों के मुताबिक अधिकतम 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है।

### पर्यटन क्विज स्पर्धा 27 जुलाई को

**सीहोर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड,जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में 27 जुलाई को दो चरणों में मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता- 2024 का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रदेश के समृद्व शाली इतिहास, परम्पराओं ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर, तथा पर्यटन के विस्तृत क्षेत्र से छात्र एवं छात्राओं को परिचित कराना है। प्रतियोगिता में सीहोर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत 3 सर्वश्रेष्ट विद्यार्थियों का दल भाग लेगा।

### पेंशनर्स को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है।

## कुछ दवाईयों को छोड़कर सभी दवाएं बाहर से महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर मरीज

# सुविधा का अभाव : अस्पताल में एनएस बॉटल खत्म स्टॉफ मरीजों से बोला रहा बाहर से खरीदकर लाओ !

सीएमएचओ बोले जिले की सभी अस्पतालों में पर्याप्त है दवाईयों का स्टॉक। वहीं मरीजों के परिजन सिविल अस्पताल में पर्याप्त दवाईयां नहीं मिलने से हो रहे परेशान।


हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का लाख दावा कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। कुछ ऐसा ही हाल भैरूंदा सिविल अस्पताल में देखने को मिला रहा है। जहां एनएस बॉटल व इंजेक्शन का स्टॉक खत्म हो गया है। वहीं बदलते मौसम में संक्रामक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

मंगलवार को दोपहर होते-होते इमरजेंसी कक्ष में बॉटल व इंजेक्शन का स्टाक अचानक खत्म हो गया। बड़ी डीएनएस बॉटल न होने से उसकी जगह एक चौथाई छोटी बॉटल लगानी पड़ी। एंटीबॉयोटिक इंजेक्शन भी मुश्किल से मिल रहा है। इसी तरह बॉटल लगाने के लिए वीको व टेप के लिए भी मरीजों को बाहर की दुकानों का सहारा लेना पड़ा। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य कर्मी भी असहाय नजर आते रहे। ऐसा ही कुछ हाल अस्पताल के अंदर भर्ती वार्डों का भी रहा। वहां भी बॉटल व इंजेक्शन का स्टाक खत्म रहा मरीजों की संख्या बढ़ने से मरीजों को घंटो इंतजार करना पड़ रहा। सिविल अस्पताल के बेड फुल होने से मरीजों के लिए बेड नहीं मिलने से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं अस्पताल में दवाओं की कमी है। दूर-दूर से आए मरीजों को कुछ दवाओं को छोड़ सभी दवाएं बाहर से महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा है, जिस कारण अस्पताल मे इलाज कराने आए गरीब मरीजों को भारी परेशानी सस्ते इलाज की उम्मीद में सरकारी अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को निजी मेडिकल स्टोरों में दौड़ाया जाता है। जबकि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को साफ तौर पर बाहर से दवा न लिखने के निर्देश जारी हुए हैं,




लेकिन बावजूद इसके निर्देशों की खिल्ली उड़ाई जा रही है। सिविल अस्पताल का स्टाफ खुलेआम मरीजों को बाहर से




**भैरुंदा।** बाहर मेडिकल से खरीदकर लाए इंजेक्टर और बॉटल

दवाईयां लाने को बोले रहे हैं।

### बाहर से खरीद कर लाए दवाईयां तब हुआ इलाज

अंकित पंवार मंगलवार को अपनी बहन पपीता को सिविल अस्पताल में इलाज कराने लेकर गया जहां पर डाक्टर राहुल जाट को दिखाया। डाक्टर के इंजेक्शन और बॉटल भर्ती पर्चे पर लिखकर दिया। इमरजेंसी में इलाज के लिए स्टॉफ के कर्मचारी के पास गए। लेकिन स्टॉफ के द्वारा बोला गया कि यहां एनएस बोटल और इंजेक्शन नहीं है। आप बाहर मेडिकल से खरीदकर लाओ फिर इलाज करेंगे। अंकित पंवार ने बाहर मेडिकल से एक एनएस की बॉटल और इंजेक्शन 170 रुपए में खरीदकर लाया तब उसका बहन पपीता का इलाज हुआ।



**भैरुंदा।** सिविल अस्पताल की ओपीडी में घुसकर मरीजों के ब्लड सैंपल ले रहे प्राइवेट पैथोलॉजी के कर्मचारी।

## अस्पताल स्टाफ की मिलीभगतः सिविल अस्पताल की ओपीडी में घुसकर मरीजों के ब्लड सैंपल ले रहे प्राइवेट पैथोलॉजी के कर्मचारी

**भैरुंदा।** प्राइवेट पैथोलॉजी से अस्पताल स्टाफ की मिलीभगत के कारण मरीजों की जेब पर बोझ डाला जा रहा है। सिविल अस्पताल स्टाफ की मिलीभगत के कारण प्राइवेट पैथोलॉजी के कर्मचारी, ओपीडी से लेकर वार्ड व मेटरनिटी में पहुंचकर मरीजों के ब्लड सैंपल ले रहे हैं। मनमाने रेट पर की जा रही जांच से मरीजों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल में मरीजों के लिए 32 प्रकार की जांच मुफ्त करने की सुविधा है। लेकिन अस्पताल का स्टाफ कमीशनखोरी के लिए मरीजों को प्राइवेट लैब से जांच करवाने पर मजबूर कर रहा है। हालात ये हैं कि डाक्टर अगर खून की जांच लिखते हैं, तो कुछ डॉक्टर अस्पताल में फ्री जांच करने के बजाय कमीशन के लिए प्राइवेट लैब के कर्मचारी को ही वार्ड में बुलवा लेते हैं। बैड पर या दिखाते समय ही खून का सैंपल दिलवा देते हैं। कई बार तो मरीज समझ ही नहीं पाता कि खून का सैंपल लेने वाला इसी अस्पताल का कर्मचारी है अथवा प्राइवेट लैब का। रिपोर्ट आने के बाद जब उससे 500 रुपए से 1000 रुपए तक मांगे जाते हैं, तब उसे पता चलता है कि जांच बाहर से कराई गई है।

**अस्पताल में यह जांच मुफ्त :** मरीजों की सुविधा के लिए सिविल अस्पताल में 32 तरह की जांच मुफ्त कराने की सुविधा दे रखी है। इनमें एचबी, टीएलसी, डीएलसी, मलेरिया, ईएसआर, ब्लड ग्रुप, बीटी, सीटी, ब्लड यूरिया, टीवीसी, एस टोटल प्रोटीन, एस एल्बुमिन,पोटाशियम सोडियम, एस यूरिक एसिड, ब्लड शुगर, एचवीए 1 सी, आदि जांच मुफ्त होती हैं।

सीहोर सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले की सभी अस्पतालों में पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध हैं। अभी तक कहीं भी कमी की शिकायत नहीं मिली है। यदि कोई बाहर पैथॉलाजी लैब पर जांच के लिए भेज रहा है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में 24 घंटे में 12.5 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 12.5 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 4, एमएम, श्यामपुर में 0, आष्टा में 2, जावर में 0, इछावर में 4, भैरूंदा में 2, बुधनी में 40, रेहटी में 48 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से 17 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 289.9 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 424.4 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 17 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 368.5, एमएम, श्यामपुर में 335.5, आष्टा में 246, जावर में 207, इछावर में 516.5, भैरूंदा में 200, बुधनी में 179 तथा रेहटी में 266.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।




### प्रशासन ने पनीर फैक्ट्री का उत्पादन कराया बंद, बिजली का कनेक्शन काटा

**सीहोर।** ग्राम पिपलिया मीरा में स्थित जयश्री गायत्री पनीर फैक्ट्री को प्रशासन ने बंद करा दिया है। जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश पर की है। फैक्ट्री को बंद कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर बिजली कंपनी ने बिजली कनेक्शन काट दिया है, जिससे उत्पादन बंद हो गया है। अब फैक्ट्री जब तक चालू नहीं होगी, तब तक कि उद्योग जल प्रदूषण नियंत्रण की पूर्ण व्यवस्था नहीं करता है। जयश्री गायत्री फूड्स कंपनी पर जिला प्रशासन द्वारा यह दूसरी बार सख्त कार्रवाई की गई है।

### युवती को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** थाना भेरुंदा में दो दिन पहले हुए सनसनी खेज गोलीकांड हत्या के मामले में फरार चल रहे आरापी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एकतरफा प्रेम में एक युवती को गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया था। फरियादिया ललिता कीर निवासी नारायण सिटी भैरुंदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी छोटी छोटी आरती का पिछले दो साल से प्रभु सिंह दायमा पिता धनराज दायमा निवासी मट्ठा गांव रेहटी बुरी नीयत से पीछा कर रहा था। 14 जुलाई को प्रभु सिंह दायमा हाथ में पिस्तोल लेकर घर में घुस आया और आरती को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के पास एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।




## खुद को अकेला महसूस न करें, श्मशान, शिखर और सिंहासन पर अकेला ही जाया जाता हैः पं. प्रदीप मिश्रा

**सीहोर।** जीवन में कोई जीव अकेला नहीं, कभी खुद को अकेला महसूस न करें क्योंकि श्मशान, शिखर और सिंहासन पर अकेला ही जाया जाता है। शुभकर्म में किसी के साथ का इंतजार न करें। अकेले भी कर्म, धर्म करने का मौका मिलता है तो इसे गंवाना मत। शिव की आराधना कोई भी कर सकता है। भगवान शिव पूजा-अर्चना सेठ से लेकर गरीब कर सकता है। भगवान तो सिर्फ भाव के भूखे है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में जारी सात दिवसीय श्री महादेव गुरु शिव महापुराण कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के अनेक गुण है, लेकिन शांत रहना, समदर्शी, विनम्रता और निम्रलता आदि गुण जिस श्रद्धालु में आ जाते है। उसको शिव की प्राप्ति हो जाती है।

कथा के चौथे दिन बुधवार को गुरुदेव पंडित मिश्रा ने कुबेरेश्वरधाम पर आए एक श्रद्धालु का पत्र पढ़ते हुए बताया कि कोटा राजस्थान से कथा का श्रवण करने आई मीना हांड-कल्याण सिंह हांड की बेटी सीए की तैयारी कर रही थी, लेकिन उसको असफलता प्राप्त होती थी, उन्होंने कथा से प्रेरणा लेकर अपनी बेटी के साथ पिछले वर्ष कावड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव को जल अर्पित किया और पुराण के बताए उपाय पर अमल कर मेहनत की तो वह सीए के एग्जाम में सफल हो गई। आपके जीवन में जब भी असफलता और निराश आए तो भगवान शिव पर भरोसा करना वह आपको कामयाबी दिलाएगा।



भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी दुखी नहीं रहता। भगवान भोलेनाथ हर भक्त की सुनते हैं। भोले की भक्ति में शक्ति होती है। भगवान भोलेनाथ कभी भी किसी भी मनुष्य की जिंदगी का पासा पलट सकते हैं। बस भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए और उनकी प्रतिदिन आराधना करनी चाहिए।

**क्लेश, झूठ, प्रपंच, बेईमानी यह सब नर्क के द्वार :** उन्होंने बताया कि क्लेश, झूठ, प्रपंच, बेईमानी यह सब नर्क के द्वार है, इनसे बचना उत्थान और इनमें उलझे रहना पतन के समान है। ईश्वर भक्त के बिना और भक्त ईश्वर के बिना नहीं रह सकता। जन्म से लेकर मृत्यु तक ईश्वर साथ होते है, सद्मार्ग पर चलोंगे तो मोक्ष पाओंगे। उसने जन्म दिया, उदर (पेट) दिया तो भरने कि जिम्मेदारी भी उसकी है। इतने भोले हैं शिवजी, स्वच्छ मन से याद करने पर ही हो जाते हैं प्रसन्न, पूजा पाठ ही नहीं मन की सुदंरता से प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ। देवो के देव महादेव भगवान शंकर को औघड़दानी कहलाते हैं जो सबको साथ लेकर चलते हैं और मनुष्यों को भी वही प्रेरणा देते हैं, और पूजा पाठ ही नहीं व्यक्ति के मन की पवित्र व सुन्दर सोच से भी प्रसन्न हो जाते हैं भोलेनाथ, भगवान शिव को कोई भी बिना साधन, सामग्री के शिव पूजन संपन्न कर सकते हैं।

### रविवार को मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि धाम पर सात दिवसीय शिव महापुराण के पश्चात रविवार 21 जुलाई को एक दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस मौके पर सुबह नौ बजे से देर शाम तक यहां पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को दीक्षा दी जाएगी। इसके लिए विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा के अलावा जिला प्रशासन तैयारियां कर रहा है।

## चद्दर पुल के दोनों तरफ खुदाई होने के बाद अब गहराई करीब 20 फीट

# जान जोखिम में डालकर एक से दूसरी जगह जाने के लिए पुल का उपयोग कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बारिश से पहले ही नगर पालिका द्वारा सीवन नदी पर बने चद्दर पुल के पास गहरीकरण करवाया था। जिसके बाद से नदी की गहराई में इजाफा हुआ है। अब उसी चद्दर पुल का उपयोग कुछ लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए कर रहे हैं। ऐसे में जरा सी चूक जान पर आ सकती है।

सीवन नदी पर यह पुल पानी का बहाव कम करने और नदी में पानी रोकने के लिए बनाया गया है, ताकि आवागमन के लिए पास बने पुल पर पानी ना जाए और आवागमन बाधित ना हो। वहीं कुछ लोग इस पुल के ऊपर से एक जगह से दूसरी जगह आना-जाना कर रहे हैं। पुल के दोनों साइड करीब 20 फीट गहराई है। ऐसे में यदि पैर फिसल जाए तो एक बड़ी दुर्घटना घट सकती है।



**अंग्रेजों के समय का है पुल :** जिले में 1 जून से 16 जुलाई तक 277.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। बारिश के साथ ही नदी में पानी भी एकत्रित होना शुरु हो गया है। ऐसे में पुल से। लोगों का कहना है कि यह कोई आवागमन का आम रास्ता नहीं है, यहां से आना-जाना खतरा मोल लेना है। यह पुल अग्रेजों के समय का है। इस पुल को नदी में पानी रोकने के लिए बनाया गया है। ताकि नगर में जलस्तर समान बना रहे और पीने का पानी की किल्लत से बचा जा सके। वहीं पुल में रुके हुए पानी से आस-पास के जल स्त्रोत रिचार्ज होते हैं। इसके अलावा नदी में ज्यादा पानी होने पर इसके मोहरें खोल दिए जाते हैं।

**सीवन पर बने हैं 6 पुल :** शहर में सीवन नदी पर 6 पुल बने हैं। जिनमें सीवन पुल, चद्दर पुल, लोटिया पुल, कर्बला पुल, लक्कड़ पुल और ईलाही माता पुल। इनमें से कर्बला पुल और इंदौर नाका स्थित पुल नीचे हैं, जिससे नदी में जलस्तर बढ़ने पर पानी ऊपर से बहने लगता है। यहां भी पुल पार करते समय खतरा बना रहता है।

## सूने मकान का दरवाजा तोड़कर अलमारियों में रखे सोने चांदी के जेवर ले गए चोर

**सीहोर।** मूरली कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप राठौर के सूने मकान का ताला और दरवाजा तोड़कर दो चोर अलमारियों से सोने चांदी के जेवर ले गए है। देर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर सीसी टीवी केमरे में कैद हो गए है। रेलवे अंडर ब्रिज के पास स्थित मुरली कॉलोनी में रहने वाले नागरिको के सूने मकानों को चोर बैखौफ होकर निशाना बना रहे है।

मुरली कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप राठौर अपने मकान के दरवाजे में ताला लगाकर अपनी पत्नि बच्चों को लेकर सोमवार सुबह गंज स्थित घर पर गए हुए थे मंगलवार सुबह लौटने पर उनको मकान में चोरो के घुसने की जानकारी लगी। चोरों के द्वारा दरवाजे के सभी लॉक तोड़ दिए गए थे और कमरे में रखी अलमारियों को खोलकर पत्नि का सोने का मंगलसूत्र बालियां चूडिय़ां सहित अन्य चांदी के जेवर उठा ले गए है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने चोरो की तलाश शुरू कर दी है।



### कलवाना में सर्पदंश से वृद्ध की मौत, मजदूरी का काम करके घर वापस आ रहा था

**भैरुंदा।** जिले की भैरूंदा जनपद पंचायत क्षेत्र के कलवाना में एक वृद्ध को सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की आयु 60 वर्ष के करीब है। शिव प्रसाद बनवारी मजदूरी का काम करता था। मंगलवार को वह मजदूरी करने के लिए पास के गांव सोयत गया था, वहां से लौटते समय पगडंडी के रास्ते से कलवाना लौट रहा था, तभी शाम 6 बजे के लगभग रास्ते में उसे सांप ने काट लिया। जानकारी परिवार के लोगों को लगी, इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उसे अस्पताल ले गए, यहां पर रात करीब 10 बजे वृद्ध की मौत हो गई।

## खबर संक्षेप




### पुलिस ने मवेशी से भरी पिकअप पकड़ी

**सीहोर।** जिले के इछावर जनपद क्षेत्र में पुलिस ने मवेशी से भरा पिकअप वाहन पकड़ा है। पुलिस को देखकर वाहन चालक वाहन छोडकर भाग गया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला क्षेत्र के अमलाह का है। बुधवार सुबह 10-11 बजे के बीच अमलाह पुलिस चौकी के पास नारायल रोड़ पर मवेशी से भरे पिकअप वाहन को तत्परता दिखाते हुए पकड़ा है। इसमें 8 मवेशी भरे हुए थे। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई पूरी होने के बाद मवेशियों को गौशाला छोड़ा जाएगा। पुलिस को हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने वाहन में मवेशी भरकर जाते हुई पिकअप की सूचना दी थी। इसके बाद मौके पर अमलाह चौकी प्रभारी संजय वर्मा और गजराज वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को पकड़ा। कार्रवाई के बाद पुलिस ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी है। अभी सिर्फ यही बताया गया है कि एक पिकअप वाहन 8 मवेशियों को लेकर जा रहा था। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसे चला रहा ड्राइवर ट्रक को छोड़कर भाग गया।

### बस स्टैंड को हाईटेक करने की काफी लंबे समय से की जा रही है मांग

# यात्री परेशानः नए बस स्टैंड का होना है निर्माण, जगह का नहीं हुआ चयन

### यात्रियों के बैठने के लिए भी बेहतर इंतजाम नहीं, इधर-उधर खड़े रहकर करते हैं बसों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय होने के बाद भी यहां के बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव है। नया बस स्टैंड बनना है, लेकिन इसके लिए जगह चयनित नहीं हो पा रही है। जिस जगह का चयन किया गया था वहां पर बस स्टैंड नहीं बन सकता है क्योंकि यह जगह अभी भी शासकीय नहीं है। बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।

सालों पुरानी समस्याएं आज भी बरकरार हैं। इनका समाधान आज तक नहीं हो सका। ऐसे में यात्रियों को सफर करने से पहले ही इन समस्याओं से जूझना पड़ता है। कई बार यहां पर सुधार कार्य हुए, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं थे। रोज बस स्टैंड आती हैं करीब 120 बस शहर के इस बस स्टैंड ते रोज करीब 120 बसें आती हैं। इनके खड़े होने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। बस स्टैंड को हाईटेक करने काफी समय से मांग की जा रही है,लेकिन अभी तक बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो सका।

#### प्लान तो बना, लेकिन जगह नहीं

अन्य शहरों की तरह बस स्टैंड निर्माण के लिए कई साल तक तो कोई प्लान नहीं बन सका। कुछ समय पहले एक व्यवस्थित प्लान तैयार किया गया तो जिस जगह पर बनाने का प्रस्ताव था उस जगह को लेकर अभी विवाद की स्थिति है। इसलिए जगह चयनित नहीं हो पाने से यह प्रोजेक्ट भी अटका पड़ा है।



#### मनमर्जीः कहीं भी खड़ी होती हैं बसें

बस चालकों की सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह वाहनों को कहां खड़ा करें। यहां पर बसों को खड़ा करने के लिए नियमानुसार कोई स्टैंड नहीं बने हैं। इसलिए जहां जिसकी मर्जी जहां आती है वह वहीं बसों को खड़ा कर देते हैं। बैठने की जगह के साथ पेयजल भी नहीं यहां पर सबसे खराब स्थिति उस समय बनती है जब यात्रियों को बसों का इंतजार खड़े रहकर करना पड़ता है। बैठने के लिए व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग बस स्टैंड पर या दुकानों के बाहर खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी तो उस समय होती है जब गर्मी या बरसात का मौसम होता है। लोगों को तेज गर्मी से बचने के लिए यहां पर कोई जगह नहीं मिलती है, इसी तरह बरसात में वह भीगने से बचने दुकानों का सहारा लेना पड़ता है। इस तरह बस स्टैंड पर पानी के लिए लोग परेशान होते हैं। यहां पर दुकानों पर ही उन्हें निर्भर होना पड़ता है।

#### नहीं है सर्वसुविधायुक्त यात्री प्रतीक्षालय

कहने को तो जिला मुख्यालय का बस स्टैंड है, लेकिन यहां पर यात्री प्रतीक्षालय नहीं बन सका। जो पुराना प्रतीक्षालय है वहां पर बैठने के लिए व्यवस्था नहीं है। लोग इधर-उधर खड़े रहकर बसों के आने का इंतजार करते रहते हैं। जहां जगह भी है तो वहां पर लोग वाहन खड़े कर देते हैं।

## ऑयल बॉल को बनाकर हथियार मलेरिया-डेंगू को भगाएंगे इस बार



**सीहोर।** कलेक्टर सीहोर प्रवीण सिंह की अभिनव पहल पर वर्षा काल में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं मच्छरों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के लिए जले हुए तेल/मोटरऑयल से निर्मित ऑयल बाल का उपयोग ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में किया गया। अभियान का शुभारंभ ग्राम पंचायत दोराहा सहित जिले के समस्त ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में रुके हुए पानी से भरे गढ्ढे मे ऑयल बॉल फेंककर किया गया। ग्राम पंचायत दोराहा में आयोजित अभियान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया, ग्राम पंचायत की सरपंच शाहना कलीम पठान, जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे, जिला मीडिया अधिकारी डॉ.अनीषा आइजक, एपीडियोमीलॉजिस्ट डॉ.रूचिरा उईके, सीएचसी प्रभारी डॉ.रष्मि पटेल, जिला मीडिया सलाहकार शैलेष कुमार,पंचायत सचिव धर्मेन्द्र पाठक, रोजगार सहायक दीपक सेन, पीसीओ भिलाला, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं द्वारा मच्छर के लार्वा जनित रूके हुए जल में ऑयल बॉल फेंककर किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि कलेक्टर प्रवीण सिंह के मार्गदर्षन में जिले में करीब 60 हजार ऑयल बाल बनाई जाएगी।

मंगलवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्र, नगरीय क्षेत्रों में पानी से भरे गढ्ढों में, नाले, खाली प्लाट, या ऐसे स्थान जहां पानी की निकासी लंबे समय तक नहीं हो पा रही वहां ऑयल बॉल फेंकी गई। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने आमजनों से कहा कि ऑयल बॉल से तेल निकलकर पानी के पूरी सतह को कव्हर कर लेता है जिससे मच्छर के किसी भी प्रकार के लार्वा को सांस लेने हेतु आक्सीजन नहीं मिल पाती है जिससे व पनप नहीं पाता है। यह ऑयल बॉल लम्बे समय तक प्रभावषील रहती है। इसके निर्माण में अत्यधिक धनराशि की आवष्यकता नहीं होती है। इस बॉल को बनाना एवं अपयोग करना अत्यंत सरल है। कोई भी सामान्य व्यक्ति इस उपाय को अपना सकता है।

## महाकाल की तर्ज पर होगी यात्रा-शहर में निकाली जाएगी भव्य शिव पालकी यात्रा



**सीहोर।** इस साल भी सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में निकाली जाने वाली शिव पालकी यात्रा इस वर्ष आस्था और उत्साह के साथ महाकाल की तर्ज पर निकाली जाएगी। समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान सर्व सम्मति से युवा समाजसेवी प्रवीण तिवारी को अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर तिवारी ने शहर के सभी संगठनों और समाजसेवियों के अलावा क्षेत्रवासियों से भेंट कर अभी से भव्य पालकी यात्रा को सफल बनाए जाने का आह्वान किया है। अध्यक्ष बनाए जाने पर बड़ा बाजार स्थित पिपेलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे इस मौके पर समिति के अलावा अन्य संगठनों ने तिवारी का भव्य स्वागत किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए शिव पालकी की यात्रा समिति के संस्थापक किशोर कौशल ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए समाजसेवी श्री तिवारी को पालकी यात्रा चल समारोह का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति की पूरी टीम हर साल की तरह इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ उज्जैन की तर्ज पर पालकी यात्रा निकालेगी।

आगामी दिनों में बर्फानी बाबा के साथ-साथ चल समारोह में आकर्षण का केन्द्र रहेगा। श्रावणमास के सोमवार आगामी पांच अगस्त भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ निकाली जाऐगी जिसके लिए समिति के सदस्यण युद्वस्तर पर तैयारी में जुटे है। आयोजन समिति के संस्थापक किशोर कौशल ने बताया कि सावन मास के सोमवार को नगर शिवमय होग शिव भक्त जहां शिव पालकी यात्रा में शमिल होकर जमकर झूमेगे वही सावन के तीसरे सोमवार नगर के शिवालयों में दिन भर अभिषेक और दर्शनो के लिए शिव भक्तों का तांता लगा रहेगा दोपहर 12 बजे कोतवाली चौराहा स्थित श्री सिद्वेश्रवर महादेव मंदिर से पालकी यात्रा शुरू होगी जो नगर के प्रमुख मार्गा से होती हुई मनकामेश्रवर महादेव मंदिर बावडी पहुंचेगी यहां महाआरती का आयोजन किया गया है आयोजन समिति ने शहर की सभी धर्म प्रेमी बंधुओं एवं शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कि अपील की है।

## कान्ता भट्टर भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यामिता मंत्रालय मे दूसरी बार सदस्य मनोनीत



**सीहोर।** जनशिक्षण संस्थान सीहोर की और से भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यामिता मंत्रालय मे मध्यप्रदेश के सीहोर मंडी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं लघु उद्योग भारती की सदस्य महिला उद्यमी विगत 30 वर्षो से उद्योग चलाने वाली श्रीकृष्णा टाइल्स की संचालिका कान्ता भट्टर पत्नि स्व. देवकीनंदन भट्टर निवासी गल्ला मंडी, सीहोर पुनः दूसरी बार स्थानीय नियोक्ता एवं इंडस्ट्री प्रतिनिधि हेतु अगले तीन वर्षो के लिये सदस्य मनोनीत किया गया है जिसका कार्यकाल अप्रैल, 2024 से मार्च, 2027 तक प्रभावी है आपकी इस नियुक्ति पर बधाई देने वालों मे जन शिक्षण संस्थान की और से निर्देशक अनिल सिंह, लघु उद्योग भारती के सीहोर जिला संयोजक नवीन सोनी, सदस्य रुपेश खरे, कमलेश सांवलिया, पंकज काबरा, अशोक सोडानी, मनीष भट्टर, जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक अनुराग वर्मा, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक साराभाई एवं सदस्य , रमेश साहू, पचामा इंडस्ट्रियल एरिया से विजय नायर, मोहन तनवानी, रवि त्रिवेदी, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, विधायक सीहोर सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, माहेश्वरी समाज जिला अध्यक्ष पंकज झंवर, जिला अध्यक्षा रजनी बाहेती, नगर अध्यक्ष योगेश राठी, नगर अध्यक्षा आभा कासट, डॉ सुरेश झंवर, शांतिलाल साबू, कमल झंवर, प्रतिभा झंवर, कान्ता गट्टानी, सत्यभामा मंत्री, शोभा चांडक, सरस्वती कथक कला केंद्र की संचालिका रुपाली सोनी एवं सभी सदस्यों ने बधाईया शुभकामनायें देते हुवे हर्ष व्याप्त किया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया 1100 पौधों का रोपण




**सीहोर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद् विकासखंड सीहोर द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सालीखेड़ा द्वारा ग्रामीण जनों को प्रेरित कर बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। ग्राम सालीखेड़ा के वीरेंद्र ने अपनी निजी भूमि पर सहजन के 1100 पौधों का रोपण किया गया एवं साथ प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की निजी भूमि पर फलदार वृक्षों का रोपण किया गया इसके आम, कटहल, जामुन, अमरूद, सीताफल, संतरा, नींबू, आदि के सौ पौधे का रोपण किया एवं हनुमान मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों को सुरक्षा देने हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने एक-एक पौधा गोद लेकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के विकासखंड समन्वयक सीहोर प्रदीप सिंह सेंगर ने उपस्थित सदस्यों को पौधा लगाने एवं सुरक्षित रखने का संकल्प दिलवाया एवं साथ ही कहा कि हमारे घर परिवार में वर्षगांठ, विवाह, जन्म दिवस एवं बुजुर्गों की स्मृति में भी अगर व्यक्ति अपने-अपने स्तर से पौधे लगाए तो एक बड़ा अभियान हो सकता है साथ ही जिनकी स्मृति या अन्य कार्यक्रमों में पौधे लगाते हैं वह भी इस पौधा के रूप में हमारे बीच में सदा सदा के लिए स्मरण में रहेंगे इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी दिनेश अहोरिया, अनिल सक्सेना, जितेंद्र परमार, सरपंच प्रतिनिधि रेम सिंह भंडारी, समिति सदस्य शान्तिलाल बारेला, रेम सिंह बारेला कृष्णा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य गण सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बमुलिया में सड़क पर नहीं बनी नालीःसड़क पर भरता है पानी, फैला रहता है गोबर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की बामुलिया ग्राम पंचायत में सीसी सड़क के पास में नाली नहीं बनी हैं। इसकी वजह से सड़क पर गंदगी होती है। आसपास गंदा पानी जमा होता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के बीच में कट लगाकर भी नाली नहीं बनी। इस वजह से पानी एक तरफ से दूसरी तरफ भी नहीं जाता और वह कई बार सड़क पर ही जमा हो जाता है। इस वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। गांव के भूरा परमार, पवन, राकेश, लोकेंद्र ने बताया कि सीसी सड़क के किनारे नाली न होने के कारण पानी भरा रहा है।

एक जगह तो खाली पड़े बाड़े में पानी भर गया है ।अब पानी के साथ बाड़े में पड़ा गोबर का सड़क पर आ रहा है। गांव के सचिव महेश परमार से इसके बारे में बात हुई तो उन्होंने कहा कि बारिश निकलते ही नाली निर्माण कार्य करा दिया जायेगा।

## जूनियर नेशनल फुटबॉल टीम के लिए तीन दिवसीय चयन शिविर



**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय फुटबॉल चयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके दूसरे दिन 80 खिलाडियों को अभ्यास कराया गया, वहीं बुधवार को चालीस खिलाडियों का चयन कर सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर मध्यप्रदेश की जूनियर फुटबाल टीम का गठन किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि आगामी 29 जुलाई से असम प्रदेश में होने वाली जूनियर नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश टीम का गठन किया जाना है। इस प्रतियोगिता के लिए तीन दिवसीय चयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चयन शिविर में शामिल होने के लिए करीब 80 से अधिक खिलाड़ी प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए है। बुधवार को चालीस खिलाडियों का चयन किया जाएगा। चयन के लिए प्रदेश के चयनकर्ता प्रमोद शर्मा, सीनियर खिलाड़ी मनोज दीक्षित मामा, लोकेन्द्र वर्मा, राकेश शर्मा, शहरूख कुरैशी, कोच विपिन पवार आदि शामिल किया गया है। चयन के दूसरे दिन यहां पर 80 खिलाडियों को अभ्यास आदि मैच कराकर जमकर पसीना बहाया। यहां पर कोच चंद राठौर, शहरूख खान और विपिन पवार की देखरेख में अभ्यास कराया। खिलाडियों के खेल को निखारने में कोच के अलावा फिजियो मदद करते हैं।

## हर्षोल्लास से मनाए जाएंगे सभी त्योहार



**सीहोर।** आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए तथा त्यौहारो को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण मनाने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सभी पर्वों पर सीहोर नगर तथा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई ।

बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग ने समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की तथा सभी पर्वो पर आयोजनों के दौरान सफाई, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए । बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, नगर निरीक्षक निरंजन सिंह राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले में 17 जुलाई को मोहर्रम, 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 26 अगस्त को जन्माष्टमी, 07 सितंबर को गणेश उत्सव एवं पर्युषण महापर्व प्रारंभ, 16 सितंबर को मिलाद-उन-नबी तथा 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के त्यौहार मनाए जाएंगे।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों लिए आयोजित हुआ तीन दिवसीय अभिप्रेरण कार्यक्रम

# आर्यवर्त विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आर्यावर्त विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल और कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन भोपाल के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तीन सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र में आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के सभागार में गणेश वंदना और स्वागत गीत से हुई। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. सुनील प्रकाश चतुर्वेदी ने संस्था का परिचय दिया और संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया। समारोह में विवि के कुलाधिपति डॉ. वृजेन्द्र सिंह गौतम कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल उपाधि प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, वरन शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों को दैनिक जीवन में उपयोगी हो सके। समारोह में उत्कृष्ट विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में छात्र-छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों दी गई। जिनमें राजस्थानी घूमर नृत्य, एकल गायन, समूह गायन और नृत्य की प्रस्तुतियों दी गई। दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस में शिक्षक और छात्रों के बीच संवाद स्थापित किया गया।



विवि के संस्थापक डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने छात्रों से सीधा संवाद स्थापित किया और छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया। साथ ही छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। तृतीय दिवस में विद्यार्थी जीवन और सहायता, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का परिचय और मार्गदर्शन दिया गया। एक पेड़ मां के नाम जैसी अभियान से छात्रों को जोडने के लिए प्रेरित किया गया। बृजेंद्र सिंह गौतम ने ग्राम झरखेड़ा को गोद लेने की घोषणा की। तृतीय दिवस में छात्रों को खेल गतिविधियों राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

## संस्कृत भारती की जिला गोष्ठी संपन्न



**सीहोर।** संस्कृत भारती जिला समिति की बैठक यहां प्रांत संगठन मंत्री जागेश्वर पटले व प्रांत प्रचार प्रमुख पवन द्विवेदी की मुख्य उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री ने संपर्क व संस्कृत सप्ताह को लेकर विषय पर चर्चा की , जिसमें पूरे जिले में संस्कृत भाषा को लेकर संपर्क की योजना बनाई गई तथा अगस्त माह में संस्कृत सप्ताह के प्रतिदिवस की योजना पर सभी जिला समिति पदाधिकारीयों ने अपने सुझाव बैठक में रखे। संस्कृत सप्ताह तहत तिलककरण, व्याख्यान माला, संस्कृत प्रतियोगिता, संस्कृत दिनाचरण सहित वेदपाठ पूजन इस तरह के कार्यक्रम क्रमशः प्रतिदिन आयोजित किये जाएंगे।

इस अवसर पर जिला मंत्री राकेश सिंह, जिला सहमंत्री सुरेन्द्र सिंह यादव, लखन लाल महेश्वरी, जितेन्द्र सिंह राठौड़, धर्मेन्द्र शर्मा, राकेश केलोदिया सहित संस्कृत भारती के दायित्व वान कार्यकर्ता बैठक में उपस्थिति हुए।

### सड़कों पर दुर्घटना से गोवंश के साथ-साथ वाहन चालकों को भी जान का बना रहता है खतरा

# दर-दर भटकता गोवंश : पंजीकृत गोशाला और शासन द्वारा निर्मित गोशाला में नहीं मिल रही शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बारिश के दिनों में गोवंश सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। गोवंश की रक्षा सुरक्षा के तमाम दावे कागजी साबित हो रहे हैं। जिले में कितना गोवंश है कितनी गोशाला उनमें कितना गोवंश हैं, इन सब बातों की जानकारी पशुपालक विभाग में रहती है, किंतु वर्तमान में गोवंश की दयनीय हालत हो रही है। गोवंश आए दिन काल के गाल में समा रहा है। लेकिन इस और कोई भी संस्था या शासन सार्थक पहल नहीं कर रहा है। यही कारण है कि सड़कों पर शरण लेकर चोटिल होना, इतना ही नहीं तेज बारिश में खुले आसमान के नीचे भीगता गोवंश बोल नही सकता किंतु अंतर आत्मा से क्या कहता होगा इसका अंदाजा किसी को नहीं है। वर्तमान में शासकीय भूमि जो गोचर थी इस पर खेती हो रही है, लेकिन इस और भी किसी का ध्यान नही है।

पूर्व में शासन द्वारा 7 प्रतिशत भूमि गोवंश के लिए आरक्षित थी वह धीरे धीरे घटकर दो प्रतिशत रह गई है। वह भी वर्तमान में मौके पर नहीं है। यू कहें कि गोवंश के लिए सुरक्षित भूमि भी गायब हो चुकी है। ऐसे में किसान गोवंश को पाले भी तो कैसे पाले। कुछ सामाजिक लोगों ने चर्चा के दौरान बताया की प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय चरनोई भूमि को मुक्त किया जाए।



**इनका कहना है...**

नोडल अधिकारी को हमारा अमला सहयोग करने को तैयार है।
- **प्रमोद कुमार सिंह,** जनपद पंचायत सीईओ सारंगपुर.

जिस क्षेत्र में पैट्रोलिंग वाहन है वह पशु चिकित्सा विभाग पैट्रोलिंग करता है, और जहां वाहन नहीं है वह ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत की तथा नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका की व्यवस्था है।
- **डॉ. अमित शाक्य,** पशु चिकित्सा अधिकारी सारंगपुर

#### पंचायतों ने जिम्मेदारी से किया किनारा

एक आदेश के तहत पशु चिकित्सा विभाग एवं ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक को निर्देश हुए थे की ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश का स्थाई रूप से सुरक्षा के साथ ही गोशाला में भेजे या फिर उनके लिए वैकल्पिक इंतजाम करें, ताकि गोवंश सड़कों पर न आए। लेकिन शासन के इस आदेश का सारंगपुर सहित पूरे जिले में कहीं भी अमल नही हुआ। यही कारण हैं की सारंगपुर के पचोर में सड़क दुर्घटना में 4 गाय काल के गाल में समा गई। इसके पूर्व भी जिले में गोवंश काल के गाल में समा गया कभी रेल से कटकर तो कहीं वाहन से टकराकर गोवंश की दर्दनाक मौत पर किसी को तरस नही आ रहा हैं।

#### कैसे सुरक्षित रहेगा गोवंश

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छंद रूप से घूम रहे गोवंश के लिए शासन का प्रयास नकाफी साबित हो रहा है। इसके लिए जन भागीदारी से ही स्वच्छंद रूप से घूम रहा गोवंश सुरक्षित हो सकता है सनातन धर्म में गाय को वेतरणी पार करने का शास्त्र प्रमाण हैं और अपने परिजन के अंतिम संस्कार के बाद गुरुड़ पुराण के अंतिम अध्याय में सनातन संस्कृति के लोग गौ दान करते हैं पूर्व में गौ दान के साथ गोचर भूमि भी दान करने का प्रचलन था वह धीरे धीरे बंद हो गया। लेकिन अब भी शासन प्रशासन गांव के जिम्मेदार इस और ध्यान नही दे रहे। क्या गोवंश सुरक्षित होगा या नहीं।

### प्रशासन से जांच कर नाम जुड़वाने मांग की

## अचानक बंद हुई लाड़ली बहना की राशि, कलेक्टर से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने को लेकर बनी लाड़ली बहना योजना का लाभ बीते तीन महीने से ग्राम पंचायत बरखेड़ी गढ़ी की महिलाओं को नहीं मिल रहा है। अचानक नाम हटने से आक्रोशित सभी महिलाएं मंगलवार को कलेक्टर से शिकायत करने पहुंची। शिकायतकर्ता महिलाओं रामकन्या पत्नी हिम्मत सिंह, घीसीबाई पत्नी छोटेलाल, गीताबाई पत्नी प्रतापसिंह, रसूमबाई पत्नी जगदीष, हरबाई पत्नी बक्सू, भूलीबाई पत्नी फतेहसिंह, गायत्रीबाई पत्नी रामनारायण, विद्याबाई सहित अन्य ने बताया कि वे सब नरसिंहगढ़ क्षेत्र के बरखेढ़ीगढ़ी पंचायत के चैनखुराखु गांव निवासी हैं। सभी को शासन की लाड़ली बहना योजना का लाभ पूर्व से मिलता आ रहा था लेकिन विगत तीन माह से उन्हें योजना के तहत मिलने वाली 1250 रुपए की राशि नहीं मिली है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग रखी है कि जांच करवाई जाए कि उन्हें अचानक योजना का लाभ क्यों मिलना बंद हुआ है। शिकायतकर्ता महिलाओं ने यह भी बताया कि वे सभी 60 वर्ष की नीचे की आयु की हैं ऐसे में नाम कैसे कट सकता है। सभी ने प्रशासन से जांच करवाते हुए नाम जुड़वाने की मांग की है।

## मंत्री के एससी जाति प्रमाण-पत्र को रद्द करने की मांग, ज्ञापन



**राजगढ़।** सारंगपुर विधायक एवं कौशल विकास व रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की जाति का मामला इन दिनों सभी जगह सुखियों में बना हुआ है। इस संबंध में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर तो हुई ही है। वहीं मंगलवार को भीम आर्मी ने भी सामने आते हुए राज्यमंत्री के एससी जाति प्रमाण-पत्र पर आपत्ति उठाई। भीम आर्मी के अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मंत्री टेटवाल का अनुसूचित जाति-प्रमाणपत्र रद्ध करने की मांग रखी। इसके पूर्व सभी भीम आर्मी सेना के युवकों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा टेटवाल एवं उनके पूरे परिवार की जाति जिनगर है जो कि पिछड़ा वर्ग के तहत आती है। आमी पदाधिकारियों ने पूरे मसले को संज्ञान लेकर प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई करवाने की मांग अपने ज्ञापन के जरिए रखी है।

### 1 करोड़ 50 लाख गायत्री मंत्र लेखन का लिया संकल्प

## जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गायत्री प्रज्ञाभवन राजगढ़ में मातृशक्ति अखंडदीप जन्मशताब्दी श्रद्धा संवर्धन यात्रा का जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि उपजोन प्रभारी महेश केवट गुना, जिला समन्वयक गोविंद कुषवाह गुना, कार्यकारी जिला समन्वयक डॉ. ओ.पी. पंवार पचोर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले में 11 रथों के माध्यम से श्रद्धा संवर्धन यात्रा सभी ग्राम पंचायतों तक गुरूवर के संदेश लेकर पहुंची। समस्त पंचायतों में गायत्री परिवार द्वारा वृक्षा रोपण, नशा मुक्ति रेली का आयोजन, बालसंस्कार शाला का संचालन , गृह गृह गायत्रीयज्ञ आदि आयोजनों से समस्त ग्रामवासियों को जोड़कर आदर्ष ग्राम बनाना। यात्रा में सहभागिता निभाने वाले कर्मठ परिजनों का सम्मान किया गया। मातृषक्ति अखण्डदीप की जन्मषताब्दी 2026 के उपलक्ष्य में राजगढ़ जिले से 7000 नवीन साधकों द्वारा 1 करोड़ 50 लाख गायत्री मंत्र लेखन का संकल्प लिया। जिले की सभी तहसीलों से सेकड़ों की संख्या में गायत्री परिजन पधारे। कार्यक्रम का संचालन किषोर जानोरिया ब्यावरा ने किया। आभार डॉ. स्वभाव आचार्य ने माना। शांतिपाठ एवं सहभोज के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## सब्जी मंडी में नाले पर मुरम डाल कर भूले बारिश का पानी पड़ोस के घर में घुसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के मध्य स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में गंदगी का अंबार छाया हुआ है। पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में विगत अनेकों वर्षों से सब्जी मंडी संचालित हो रही है, जहां से मंडी समिति को एक निश्चित आय भी अर्जित हो रही है। क्योंकि उक्त स्थान पर मंडी समिति द्वारा अब सब्जी विक्रेताओं की दुकानें एवं गोदाम संचालित हो रहे हैं। इस जगह से आय होने पर भी मंडी संचालन द्वारा परिसर में उचित रखरखाव एवं व्यवस्था का अभाव बना हुआ है, जिससे आसपास के लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जैसे ही मानसून की शुरुआत हुई ओर सफाई व्यवस्था बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। सब्जी मंडी के एक कोने में रोजाना सड़ी गली सब्जियों फल के ढेर लगे होने से आसपास के रहवासियों दुर्गंध बदबु से परेशान है।



मंडी के समीप में रहने वाले निवासियों द्वारा बताया गया कि बारिश के मौसम में पूरी सब्जी मंडी का पानी एक कोने में निकलता था, परंतु उसमें भी मंडी समिति द्वारा मुरम डालकर उसे बंद कर दिया गया जिससे पूरी बारिश का पानी रहवासी के घर में घुस रहा है। इस वजह से मकान को भी क्षति पहुंची है। तथा वहां के रहवासीयों ने बताया कि बीमारीयां फैलने का भय व्याप्त हो चुका है। समय-समय पर उक्त क्षेत्र में निवास रत लोगों ने संबंधित मंडी समिति में कई बार इस समस्या के समाधान के लिए अवगत कराया। परंतु मंडी सचिव द्वारा हमेशा अनदेखी कर समस्या को ज्यों का त्यों बना रहने पर विराम दिया जाता है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि अगर मंडी प्रशासन द्वारा खाली जगह पर आरसीसी का निर्माण कर नाली बना दी जाए तो हमें इस समस्या न से निजात मिल जाएगी।

### जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंची समूह महिलाएं

## 'सहायिकाएं खाना बनाएंगी तो क्या करेंगी हम रसोइया महिलाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आंगनबाड़ियों एवं स्कूलों के मध्यान्ह भोजन का काम अब आंगनबाड़ी सहायिकाओं से करवाए जाने के आदेश हुए हैं। सालों से बहुत कम मानदेय पर खाना बनाने का यह कार्य विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिला रसोइयों से करवाया जा रहा है।

ऐसे में नए आदेश के विरोध में सैकड़ों महिलाएं मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचीं और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं ने कहा कि एक ओर तो शासन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बात कह रहा है वहीं पूर्व से छोटे-मोटे काम कर रहे महिलाओं से उनके रोजगार छीने जा रहे हैं। महिला स्व-सहायता समूह महासंघ के सभी महिलाएं इस फैंसले का विरोध करती हैं। अगर ये आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में भोजन बनाने का काम सभी द्वारा बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी रसोइया महिलाएं एवं समूहों की कार्यकर्ता सड़क पर आकर विरोध प्रदर्षन करेंगी। अगर किसी रसोइया महिला को हटाया गया तो हाईवे जाम कर उग्र प्रदर्षन करने की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन सौंपने पहुंची महिलाओं में कलाबाई नागर, नौरंगबाई, शकुंतलाबाई, नौरंगबाई सहित संगठन से जिले भर की महिलाएं शामिल थीं।

## सूने मकान से सोने और चांदी के जेवर सहित नकदी चोरी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



पुलिस लगातार चोरी के अपराधियों की धड़पकड़ में लगी है, फिर भी नगर सहित ग्रामीण इलाके में चोरी का सिलसिला थामने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात को नगर के वार्ड क्रमाक 7 में एक सूने मकान से सोने चांदी के जेवर सहित नकदी चुरा ले गए। जिसकी रिपोर्ट मकान मालिक ने पुलिस थाने में की है। रिपोर्ट पर पुलिस गंभीरता से जांच में जुटी है।

जानकारी अनुसार सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी गोपाल गवली अपने परिजन के साथ खाटूश्याम दर्शन करने गए थे घर पर कोई नही था दर्शन करके लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ था घर में जाकर देखा तो अलमारी से नगदी सहित सोने चांदी के जेवर ले उड़े जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

### विट्ठलनगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया

**विदिशा।** शहर की विट्ठल नगर में पशु क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां पर कुछ असामाजिक तत्वों ने एक बैल को रस्सी से बांधकर छोड़ दिया था। बेल का मुंह भी रस्सी से बंधा था और चारों पैर बंधे हुए थे। जिससे न वह कुछ खा पा रहा था। बैल की हालत भी खराब होती जा रही है, आसपास के लोगों ने इस आपत्ति जताई है। वही कोलोइनाइजर के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की है। कॉलोनी में कवर्ड कैंपस होने के बावजूद भी इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं। वहीं कॉलोनी में रेरा टीएन सीपी तमाम प्रकार के नियम होने के बावजूद भी लगातार नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है।

## जंगल में अतिक्रमण नहीं रोक पा रहा वन विभाग का अमला

**शमशाबाद।** शमशाबाद वन परिक्षेत्र में वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण का खेल जारी है। जहां भू-माफिया ग्रामीण क्षेत्रों से लगी विभाग की जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहे हैं। विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से कागजी खानापूर्ति के लिए पुराना अतिक्रमण करना बताया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। जहां कर्मचारियों की मिलीभगत से अतिक्रमणकारी जंगल के आसपास खेत बनाकर खेती कर रहे हैं। जंगल काटकर वन विभाग की जमीन पर असरदार लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से कब्जा कर खेत बना लिए गए हैं। सिंगरामपुर के किसान रामनाथ सिंह राजपूत ने बताया कि शमशाबाद वन परिक्षेत्र के भगवानपुर, बरोदिया, भियांखेड़ी, पिपरोधा, बांसखोह, सिंगरामपुर के जंगल में बागड़ लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है कुछ जगह वन भूमि में खेती की जा रही है। डीएफओ ओमकार सिंह मार्सकुले का कहना है कि एसडीओ के द्वारा अभी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिन गांव में अतिक्रमण किया गया है उन्हे हटाया जाएगा।

### 28 जुलाई को पीएम के मन की बात को हर बूथ पर सुनाने लिया संकल्प

# भाजपा मंडल की बैठक आयोजित, पदाधिकारियों ने दी संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा

राजगढ़ जिले के बोड़ा में भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम को लेकर पीपलवाले हनुमान मंदिर परिसर में भाजपा मंडल बोड़ा की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत भारत माता वा पार्टी के पितृ पुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय,के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर की गई।

बैठक में संघटन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक मोहन शर्मा ने दी। विधायक मोहन शर्मा दादा ने पदाधिकारियो ओर कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी दिनों में शक्ति केंद्र सम्मेलन आयोजित कर बूथ का नेतृत्व करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करना है। 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर मठ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों का सम्मान एवं प्रतिमा स्थलों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को प्रत्येक बूथ पर सुनना है। 23 जून से प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान को 4 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ सांसद द्वारा मतदाता अभिनंदन यात्रा निकाली जाएगी और देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती एवं रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में मातृ शक्ति के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें महिलाओ का स्वागत सत्कार सम्मान करना। बैठक को मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। भाजपा ने प्रदेश के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में विजय हासिल की है। सफलता प्राप्त करने के साथ उस सफलता को बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता इसी तरह कार्य करते रहें और आगामी चुनावों में भी पार्टी की इस सफलता को बनाए रखें। उक्त जानकारी भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश राठौर ने दी।



मंचासीन अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा देवीसिंह रूहेला , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करण जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बंटी सोनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णू प्रसाद गुदेनिया, डॉ.प्रताप सिंह राजपूत, सरजन सिंह राजपूत, ब्रजमोहन गुजर, का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल बोड़ा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारियों, कार्यकर्ता, और सभी जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या मोजूद थे।

## सहरिया आदिवासियों ने रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पर किया प्रर्दशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

16 जुलाई को आदिवासी एकता महासभा जिला गुना के नेतृत्व में पाटई सराय, फ़तेपुर, खेराई आदि ग्रामों के सहरिया आदिवासियों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह को ज्ञापन देकर चर्चा की गई। प्रदर्शन के पूर्व सभा हुई। सभा को आदिवासी एकता महासभा के अध्यक्ष रमेश सहरिया, सीटू के अध्यक्ष सुरेन्द्र सैनी तथा मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला संयोजक डॉ. विष्णु शर्मा ने संबोधित किया। आदिवासी एकता महासभा के अध्यक्ष रमेश सहरिया एवं वक्ताओं ने ज्ञापन में दर्शाई मांगों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पाटई सराय की शासकीय स्कूल के पास वन विभाग की सीमा में आवासीय भूमि पर सहरिया आदिवासियों के करीब 400 मकान 15-20 वर्षों से बने हुए हैं। अनेकों सहरिया आदिवासी परिवारों के वन अधिकार कानून के तहत पट्टे भी हो चुके हैं तथा अनेकों मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि स्वीकृत होने के बाद कुटीर बनी हुई हैं।

10 जुलाई को वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा सहरिया आदिवासियों की सम्पूर्ण बस्ती की नाप जोख की गई है। जब बस्ती में रहने वालों ने नपाई करने के संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि कुछ पैसे वालों ने बस्ती के आसपास की करोड़ों रुपये कीमत की जमीन खरीद ली है। और उसी जमीन की सीमा में आदिवासी बस्ती भी आ रही है। और उन्हीं लोगों के कहने पर जमीन की नपाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### घर में बंधी तीन भैंसे चुरा ले गए बदमाश

**आष्टा।** खामखेड़ा जतरा में मंगलवार-बुधवार की रात को भैंस चोरी हो गई। हरेंद्र सिंह ठाकुर पिता नरबत सिंहके मकान में घुसे चोर देर रात तीन भैंसें ले गए। बदमाशों ने उनके कन्नौद रोड पर बने मकान में वारदात की। परिजन भी इसी मकान में ऊपर सो रहे थे। हरेंद्र सिंह ने बताया कि भैंसों की कीमत करीब 3 लाख रुपए है। ग्रामीणों ने भैंसों के पैर के निशान के आधार पर पता लगाया है कि चोरों ने भैंस झरखेड़ी रोड पर से चढ़ाई हैं। भैंसों को चुराने के बाद बदमाश उन्हें करीब 1 किलोमीटर खेत के रास्ते से लेकर गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी है। पुलिस जांच में जुटी है। चोरों ने जहां से भैंसों को गाड़ी में चढ़ाया वहां पर ग्रामीणों को एक मोबाइल भी मिला है। इसके आधार पर पूलिस चोरों का पता लगा रही है।

### मुरलीदेवी शर्मा के निधन पर दी श्रद्धांजली



**आष्टा।** अनाज, दलहन, तिलहन वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पत्रकार दिनेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा की पूज्य माताजी, वा कमल शर्मा शिक्षक की काकीजी, नीरज शर्मा की ताई जी, बाबूलाल शर्मा की भाभी जी, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री प्रेमनारायण शर्मा की धर्मपत्नी तथा बादल, आयुष(लालू), पीयूष, कृष्णा और कोणार्क की दादीजी मुरलीदेवी शर्मा का स्वर्गवास हो गया। शवयात्रा उनके निवास स्थान नजर गंज सुभाष चौक के समीप से निकाली गई, जिसमें समाजजनों, व्यापारियों, पत्रकारों, राजनैतिक दलों के नेतागण आदि शामिल हुए। श्रीमती मुरलीदेवी शर्मा की अंतिम यात्रा निज निवास नजर गंज सुभाष चौक से मुक्तिधाम पहुंची और वहां शवयात्रा में शामिल सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखाग्नि पुत्र एवं पौत्रों दिनेश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, आयूष, पीयूष आदि ने दी।

### बुधवार की सुबह से ही शुरू हो गई थी क्षेत्र में जोरदार बारिश

# अच्छी बारिश से लहलहा उठीं फसलें, तीन घंटे तक झमाझम बारिश से अंचल हुआ तरबतर

लगातार तीन-चार दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है। इस समय फसलों को पानी की जरूरत थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर में बुधवार सुबह से ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया है बारिश से कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। भोपाल नाका, दरगाह के पास, बुधवारा सहित कई क्षेत्रों में जल निकासी के इंतजाम नहीं होने कारण बारिश का पानी भरा हुआ है।आष्टा में भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार आष्टा तहसील में 24 घंटे के अंदर बुधवार सुबह 8 बजे तक 2 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिसे मिलाकर एक जून से 17 जुलाई तक तहसील क्षेत्र में बारिश का आंकड़ा 246 मिलीमीटर हो गया है। पिछले साल इस अवधि तक



434 मिलीमीटर बारिश हुई थी। बता दे कि आष्टा तहसील क्षेत्र में कुल औसत बारिश 1038.6 मिलीमीटर मानी जाती है।बता दे की लगातार तीन-चार दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है इस बार फसले भी अच्छी है क्योंकि अगर ज्यादा बारिश हो तो फसलों को खराब होने का डर रहता है लेकिन इस बार रुक-रुक कर बारिश हो रही है जो की फसलों के लिए फायदेमंद है।

#### तीन घंटे से झमाझम बारिश

बुधवार सुबह 6 बजे से आष्टा क्षेत्र में बारिश हो रही है बारिश करीब 3 घंटे हुई । रिमझिम बारिश भी लगातार हो रही है बारिश के कारण शहर के भोपाल नाका, दरगाह के पास ,बुधवारा, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र , कसाईपुरा के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि इन क्षेत्रों में पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने कारण लोगों को परेशानी उठाना पड़ी।

## श्रीजी महाराज का वर्षावास के लिए हुआ नगर प्रवेश

### चार माह तक होंगे आयोजन



**आष्टा।** श्रीजी महाराज का हुआ नगर प्रवेश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य आनंद ऋषि महाराज व मालव ज्योति गुरुणी मैय्या वल्लभकुंवर महाराज की शिष्या मालव कीर्ति, कीर्तिसुधा, नूतन प्रभा, तत्वरसिका आराधना श्रीजी व भक्ति श्रीजी महाराज साहब के शुजालपुर मंडी की पावन भूमि पर वर्षावास हेतु श्री वर्धमान महावीर भवन स्थानक में नगर प्रवेश कार्यक्रम में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ एवं श्राविका संघ आदि ने सहभागिता की।

चार महीने तक वहां स्थानक में चातुर्मास हेतु साध्वी भगवंतों को स्वीकृति उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने दी। चार माह तक नित्य सुबह 6:15 बजे से प्रभु प्रार्थना,9 से 10:15 बजे तक जिनवाणी प्रवचन, धार्मिक शिक्षण एवं धर्म चर्चा दोपहर 2 से 3.30 बजे तक, प्रतिक्रमण सायंकाल एवं धार्मिक जिज्ञासाओं का समाधान रात्रि 8 बजे होगा। उक्त नगर प्रवेश के कार्यक्रम में आष्टा से भी श्रावक श्राविकाओं ने सहभागिता की। उक्त नगर प्रवेश में तपस्वी प्रिया मितेश ओस्तवाल ने अपनी 31 उपवास की तपस्या में सोमवार को 23वां उपवास कर साध्वी गण की अगवानी की।

शुजालपुर में चातुर्मास के लिए जैन साध्वी गण कीर्तिसुधा जी, नूतन प्रभा श्रीजी ,आराधना श्रीजी एवं भक्ति श्रीजी महाराज साहब आदि ठाणा 4 आष्टा से ही मंगल विहार कर अपने निर्धारित स्थान पर पहुंची थी। वहां नगर प्रवेश में जैन समाज की महिलाएं कलश धारण कर कतारबद्ध होकर जुलूस में शामिल हुई। उक्त जुलूस में आष्टा स्थानकवासी श्रावक संघ एवं श्राविका संघ शामिल हुए। साध्वी कीर्ति सुधा महाराज साहब ने सभी को आशीर्वाद एवं मांगलिक दी।

### हिंदू उत्सव समिति ने किया स्वागत

**आष्टा।** अलीपुर मोहर्रम कमेटी द्वारा इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में निकाले गए ताजिये के जुलूस का अलीपुर हिंदू उत्सव समती द्वारा भव्य स्वागत किया गया।जुलूस के सदर भाई सलमान खान,सरपरस्त जनाब प्यारे पटेल, तोसिफ उद्दीन, फैज उद्दीन सहित कमेटी का स्वागत हिंदू उत्सव समिति द्वारा साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर सामाजिक नेता घनश्याम जांगड़ा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशु शर्मा,मनोहर पंड्या, रमेश परमार, राजकुमार मालवीय,शिवम सोनी, राजा मालवीय, चंदन सेन, रेवाराम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मप्र जन अभियान परिषद् विकासखंड सीहोर द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सालीखेड़ा द्वारा ग्रामीण जनों को प्रेरित कर बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

ग्राम सालीखेड़ा के वीरेंद्र ने अपनी निजी भूमि पर सहजन के 1100 पौधों का रोपण किया गया एवं साथ प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की निजी भूमि पर फलदार वृक्षों का रोपण किया गया इसके आम, कटहल, जामुन, अमरूद, सीताफल, संतरा, नींबू, आदि के सौ पौधे का रोपण किया एवं हनुमान मंदिर परिसर में लगाए गए पौधों को सुरक्षा देने हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने एक-एक पौधा गोद लेकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के विकासखंड समन्वयक सीहोर प्रदीप सिंह सेंगर ने उपस्थित सदस्यों को पौधा लगाने एवं सुरक्षित रखने का




संकल्प दिलवाया एवं साथ ही कहा कि हमारे घर परिवार में वर्षगांठ, विवाह, जन्म दिवस एवं बुजुर्गों की स्मृति में भी अगर व्यक्ति अपने-अपने स्तर से पौधे लगाए तो एक बड़ा अभियान हो सकता है।

साथ ही जिनकी स्मृति या अन्य कार्यक्रमों में पौधे लगाते हैं वह भी इस पौधा के रूप में हमारे बीच में सदा सदा के लिए स्मरण में रहेंगे इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी दिनेश अहोरिया, अनिल सक्सेना, जितेंद्र परमार, सरपंच प्रतिनिधि रेम सिंह भंडारी, समिति सदस्य शान्तिलाल बारेला, रेम सिंह बारेला कृष्णा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य गण सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## मांगलिक भवन की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा जनपद पंचायत क्षेत्र में गांव के मांगलिक भवन पर अतिक्रमण करने का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। सरपंच प्रतिनिधि ने आष्टा थाने पहुंचकर अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध शिकायती आवेदन दिया है। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया है कि जल्द ही जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। मामला हर्राज खेड़ी का है। गांव के लोगों ने दावा किया है कि गांव के राजाराम कीर मांगलिक भवन पर कब्जा कर लिया है।

कल जब वे अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर पहुंचे तो उसने ग्रामीणों से अभद्रता की और वहां से कब्जा न हटाने की बात कही। साथ ही अपनी पत्नी के आष्टा थाना पहुंचा और ग्रामीणों की शिकायत की। इसके बाद थाने में ग्रामीणों को बुलाया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार मालवीय भी आष्टा



**आष्टा।** ग्रामीणों ने राशि एकत्रित कर लगाई तार फैंसिंग।

थाना पहुंचे।

जहां उन्होंने स्पष्ट किया कि वहां शासकीय भूमि पर किया गया है, जिसको लेकर उन्होंने थाना प्रभारी, तहसीलदार सहित आष्टा जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन देकर पूरे घटना की जानकारी दी है। गांव के हरिभजन वर्मा, राकेश, मानसिंह, जगदीश, राधेश्याम तिवारी, नाथूराम जयसवाल आदि ने बताया कि यहां 1 एकड़ जमीन स्वर्गीय हीरालाल वर्मा द्वारा कई वर्षों पहले मांगलिक भवन के लिए दान में दी थी।

यह जमीन केवल अभी जंगल के रूप में तब्दील थी अभी कुछ ही दिनों पहले ग्रामीणों ने आपस में चंदा राशि इकट्ठा करके जमीन के आसपास बॉर्डर पर तार फेंसिंग करने के लिए फैसला लिया था और तार फेंसिंग मजदूरों की सहायता से रविवार को ही ग्रामीणों ने यह कार्य पूर्ण किया था।

## अभियान का हुआ शुभारंभ: विधायक बोले, ऑयल बॉल को बनाकर हथियार, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर प्रवीणसिंह के निर्देश पर संपूर्ण जिले में ऑयल बॉल को बनाकर हथियार, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार अभियान जुलाई से प्रारंभ हुआ है जो निरंतर जारी रहेगा। नगर में अभियान का शुभारंभ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, डॉ. जीडी सोनी, पार्षद रवि शर्मा द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 16 से हुआ।

ऑयल बॉल को बनाकर हथियार, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार अभियान के तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा वार्ड के रिक्त प्लाटों में ऑयल बाल डाली गई। आष्टा ब्लॉक के तहत 144 ग्राम पंचायत एवं 295 ग्रामों में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा



कार्यकर्ता के सहयोग से ठहरे हुए पानी के भूखंडों पर ऑयल बॉल डाली जाएगी। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि ठहरे हुए पानी में मलेरिया और डेंगू के मच्छरों के लार्वा नियंत्रण के लिए ऑयल बॉल सबसे सस्ता और कारगर उपाय है। ऑयल बॉल लकड़ी के बुरादे, खराब ऑयल और अनुपयोगी कपड़ों से तैयार की जाती हैं, आमजन भी अपने आसपास ठहरे हुए पानी में ऑयल बॉल डाल कर डेंगू और मलेरिया के नियंत्रण में सहयोग कर सकते हैं।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर में रिक्त भूखंड मालिक अपने भूखंड में जल भराव की स्थिति को दूर करें। वर्षा काल में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए व मच्छरों की बढ़ती संख्या को नियंत्रण के लिए जले हुए तेल, मोटरआयल से निर्मित बाल बनाई गई है जिसका भरपूर उपयोग कर बीमारी से बचाव के उपाय करें। इस बाल को जहां भी पानी भरा हुआ हो जैसे गड्ढों में, नाले में, खाली प्लाट में या ऐसी सभी जगह जहां पानी की निकासी लम्बे समय तक न हो सके वहां पर फेंके। इस अवसर पर हरेन्द्रसिंह ठाकुर, महेन्द्र गवखेड़ी सहित सिविल अस्पताल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

### विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के कार्यालय का विधि विधान के साथ हुआ शुभारंभ

# विधायक कार्यालय में जनता दरबार लगाकर होगी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर विधायक बनने के बाद अभी तक उनका विधायक कार्यालय उनके निवास से ही संचालित हो रहा था। अब आष्टा विधायक का विधायक कार्यालय ऑफिसर्स कॉलोनी में शुरू हो गया है। विधायक कार्यालय का विधि विधान के साथ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अपनी धर्मपत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा गोपालसिंह के साथ नवीन कार्यालय में विधि विधान के साथ हवन ग्यारी, पूजन आदि धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न की। मंत्रोच्चार से सभी धार्मिक क्रियाएं नगर पुरोहित पंडित दीपेश पाठक ने पूर्ण करवाई। वरिष्ठ भाजपा नेता इंदौर संभाग के प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने विधायक कार्यालय का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता,पत्रकार, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आष्टा नगर एवं ग्रामीण अंचल के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे। नवीन विधायक कार्यालय के शुभारंभ पर आज आष्टा जनपद के अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान,आष्टा नपा के अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,जावर कोठरी नप के अध्यक्ष



प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, मनोज वैद्य ने नवीन कार्यालय के शुभारम्भ पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का स्वागत सम्मान कर बधाई दी। कार्यालय शुभारम्भ अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत कर उन्हें नवीन कार्यालय शुभारंभ की बधाई दी। भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने जानकारी देते हुए बताया कि आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो कि जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर थे तभी से क्षेत्र के पीड़ित और दुखी नागरिकों की समस्याओं को सुनने के लिए अपने निवास पर जिस तरह जनता दरबार लगाकर जनसुनवाई करते थे तथा जनसुनवाई में आने वाली शिकायत और समस्याओं का अधिकारियों को निर्देशित कर निराकरण करते थे। संचेती ने बताया की गोपालसिंह इंजीनियर ने नवीन विधायक कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुनः घोषणा की, की प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को नवीन विधायक कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जनसुनवाई की जाएगी तथा जनसुनवाई में जो भी पीड़ित दुखी आएंगे तब उनकी समस्याओं का निराकरण के सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा जनता ने हमे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद बड़ी उम्मीदों के साथ दिया है। अब हमारा भी दायित्व बनता है की उस जनता की समस्याओं को सुने ओर उन्हें हल करे ताकि जनता जनार्दन को राहत मिल सके।

जनता की समस्याओं को हल करना मेरा दायित्व बनता है,में प्रयास करूंगा कि जनता की हर उम्मीद,कसौटी,अपेक्षाओं पर खरा उतर सकू । आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की विधानसभा क्षेत्र को कोई भी नागरिक जिसकी कोई भी समस्या हो और उसकी अगर कोई सुनवाई नही हो रही हो तो वो मेरे कार्यालय में आ कर अपनी समस्या बता सकता है। उनका स्वागत है। विधायक कार्यालय शुभारम्भ पर बड़ी संख्या में पहुचे सभी सम्मानियो का विधायक ने आभार व्यक्त किया।

## गुजरात के कैबिनेट मंत्री का श्यामपुर में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

गुजरात सरकार में जल संसाधन ग्रामीण आवास कैबिनेट मंत्री और कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवरजी भाई बावलिया के राजगढ़ जिले में स्थित मोहनपूरा, कुंडलिया डैम के भ्रमण हेतु आए। भोपाल से राजगढ़ जाते समय श्यामपुर रुके। जहां श्यामपुर कोली समाज के गणमान्य लोगों ने उनका शाल श्रीफल पुष्प मालाओं से स्वागत किया। और आगामी कार्यक्रम में श्यामपुर आने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कोली समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, संभागीय युवा कोली समाज अध्यक्ष मनीष शाक्य, युवा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजू शाक्य, वरिष्ठ समाजसेवी नारायणसिंह शंकबार, सरपंच ग्राम छतरी जगन्नाथ शाक्य, गजराज सिंह पटेल, हरिनारायण शाक्य, मनीराम कोरी छतरी, कालूराम शाक्य पंच व भाजपा युवा नेता मनीष लोनारे उपस्थित थे ।